## खबर संक्षेप

### सीवर लाइन के गड्ढे में गिरने से वृद्ध की मौत

**कटनी।** नगर में चल रहे सीवर लाइन कार्य में बरती जा रही लापरवाही अब जान पर भारी पड़ने लगी है। भट्टा मोहल्ला क्षेत्र में सीवर लाइन के लिए खोद गए गड्ढे में गिरने से एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय रहवासिसयों की मदद से वृद्ध को गड्ढे से निकालकर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान वृद्ध मौत हो गई। इस घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश की स्थिति बनी हुई है। जानकारी के अनुसार भट्टा मोहल्ला निवासी आयुध निर्माणी सेवानिवृत्त कर्मचारी करीब 72 वर्षीय हरिमोहन कोरी की गुरूवार की रात घर से टहलने के लिये निकले थे उसी समय मंदिर के समीप सीवर लाईन के लिये खोदे गये गड्ढे में फिसलकर गिर गये जिससे उनको अंदरूनी चोट आई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे एवं किसी तरह वृद्ध को बाहर निकाला गया और इलाज के लिए शासकीय जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। शुक्रवार की देर रात इलाज के दौरान वृद्ध ने दम तोड़ दिया। वृद्ध की मौत के बाद क्षेत्रीय लोगों में सीवर लाईन कंपनी के लापरवाही पूर्ण कार्य के चलते आक्रोश व्याप्त है।

### ओवर ब्रिज के ऊपर डिवाइडर पर चढ़ गया ट्रक

**कटनी।** एक ट्रक जुहला बायपास ओवर ब्रिज के ऊपर डिवाइडर पर चढ़ गया। घटना सुबह साढ़े 6 बजे की बताई जाती है। बताया जाता है कि ट्रक बुढ़ार से कोयला लेकर मैहर की तरफ जा रहा था। हादसे की सूचना मिलने के बाद जुहला यातायात पुलिस चौकी प्रभारी राजेश कोरी ने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचकर क्रेन बुलवाकर ट्रक को नीचे उतरवाकर आगे के लिए रवाना किया। बताया जाता है कि ट्रक के चालक को नींद के झोंका आ गया था, जिसकी वजह से यह हादसा हो गया। घटना में किसी को चोट नहीं आई है। ड्राइवर को अचानक नींद का झोंका आ गया। जिसकी वजह से ट्रक अनियंत्रित होकर ब्रिज के डिवाइडर पर चढ़ गया। यह तो गनीमत रही कि ट्रक की रफ्तार तेज नहीं थी, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

### अवैध शराब जब्त

**कटनी।** शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर पुलिस ने कार्यवाही की है। माधवनगर पुलिस ने तालाब के पास अमीरगंज में संजय श्रीवास्तव निवासी शिवाजी नगर के पास से 20 पाव देशी शराब, 13 पाव लाल मसाला शराब जब्त की है। कुठला पुलिस ने करहियाकला बिलहरी में पूजा सनोडिया के पास से 2 लीटर कच्ची महुआ शराब, बरही पुलिस ने चाय नाश्ता की दुकान ग्राम बुजबुजा में श्रीकांत पटेल बुजबुजा के पास से 7 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जब्त की है। बाकल पुलिस ने ग्राम सलैयाखुर्द में कल्लू सिंह ठाकुर निवासी सलैयाखुर्द के पास से 16 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की है।

### कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षाएं दो जून से

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ कटनी

राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की पुनः परीक्षा सत्र 2024-25 का संशोधित टाइम टेबिल जारी किया गया है, जिसके अनुसार परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। जारी संशोधित परीक्षा टाइम टेबिल के अनुसार कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की पुनः परीक्षाएं नियत तिथि को निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। कक्षा पांचवीं की पुनः परीक्षा संशोधित समय सारणी तदानुसार सोमवार दो जून को प्रथम भाषा हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, मराठी विषय की परीक्षा आयोजित की गई है। मंगलवार तीन जून को गणित अथवा संगीत (दृष्टिबाधितों हेतु), बुधवार चार जून को पर्यावरण अध्ययन, गुरूवार पांच जून को द्वितीय भाषा अंग्रेजी अथवा हिन्दी, शुक्रवार छह जून को अतिरिक्त भाषा हिन्दी, संस्कृत, उर्दू, पंजाबी विषय की परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक आयोजित की गई है। कक्षा आठवीं की पुनः परीक्षा संशोधित समय सारणी तदानुसार सोमवार दो जून को प्रथम भाषा हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, मराठी विषय की परीक्षा आयोजित की गई है।

घटना के बाद दे दिया था एक्सीडेंट का रूप, मृतक की पत्नी भी शामिल, दोनों गिरफ्तार भेजे गए जेल

# डांटने पर की थी पिता की कुल्हाड़ी मारकर हत्या


**अपने बेटे को डांट फटकार लगाई, उसी बेटे ने पिता को कुल्हाड़ी मार कर मौत की नींद सुला दी।**



सतना। जिस पिता ने अपने बेटे को डांट फटकार लगाई,उसी बेटे ने पिता को कुल्हाड़ी मार कर मौत की नींद सुला दी। इतना ही नहीं बाद में घटना को एक्सीडेंट का रूप दे दिया। अंतिम संस्कार के बाद उसने अपनी मां को बताया कि पिता की हत्या की है। तो मां ने घर में साक्ष्य मिटाने में पुत्र का साथ दिया। बाद में फोरेंसिक जांच हुई। जिसमें बेटा दोषी पाया गया और मां ने साक्ष्य मिटाने में साथ दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृतक धीरेन्द्र सिंह परिहार पिता बृजेन्द्र बहादुर सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी उमरी टिकरी टोला थाना रामपुर बाघेलान की पुलिस चौकी एसजीएमएच रीवा द्वारा जरिए मोबाईल व्हाटसप के माध्यम से मर्ग इंटीमेशन प्राप्त होने पर मर्ग क्र. 50/25 धारा 194 बी.एन.एस.एस का कायम किया। मृतक धीरेन्द्र सिंह परिहार पिता बृजेन्द्र बहादुर सिंह उम्र 45वर्ष निवासी उमरी टिकरी टोला थाना रामपुर बाघेलान की मृत्यु 5 मार्च को हुई थी। जिसका शव पंचनामा पुलिस चौकी एस.जी.एम.एच रीवा के सहायक उप निरीक्षक जी.सी. वाडिवा द्वारा किया जाकर फारेन्सिक मेडसिन विभाग के डियूटी डाक्टर द्वारा पीएम कराकर शव वारिसानो को सुपूर्द किया गया। जिसकी डायरी एव पीएम रिपोर्ट पुलिस चौकी एस.जी.एम.एच रीवा/मेडिकल कालेज रीवा से प्राप्त होने पर मर्ग सदर की जाँच दौरान मृतक के पिता एव मृतक की लडकी के कथन लेख किये गये एंव घटनास्थल के निरीक्षण से पाया गया कि 4 मार्च साल 25 को रात्रि में मृतक धीरेन्द्र सिंह ने अपने लड़के आदर्श उर्फ निखिल सिंह को डांटा था। इसी कारण से सुबह करीबन 5 बजे मृतक धीरेन्द्र सिंह को सोते समय मृतक का लडका आदर्श उर्फ निखिल सिंह ने कुल्हाड़ी से कमरे में ही सिर में मृतक धीरेन्द्र सिंह को मारा जिससे सिर में गंभीर चोटें आई। जिसे उपचार हेतु





एस.जी.एम.एच रीवा ले जाने पर मृत्यु हो गई। मृतक का लड़का आदर्श उर्फ निखिल सिंह द्वारा अपने घर के लोगों को अपने पिता धीरेन्द्र सिंह को आई चोट को एक्सीडेन्ट से चोट आना बताया था,तथा निखिल उर्फ आदर्श अपनी माँ के प्रयागराज से वापस आने पर पिता को कुल्हाड़ी से सिर में मारने की बात बताया था। तब मृतक की पत्नी व लड़का आदर्श उर्फ निखिल ने घर के कमरे में पड़े खून को सफाई कर साक्ष्य को विलोपित किया गया व घटना को छिपाया गया। मृतक की हत्या मृतक के लड़का आदर्श उर्फ निखिल सिंह के द्वारा कुल्हाड़ी से सिर में मारकर हत्या करने के नीयत से चोट पहुंचायी गई व उसकी माँ संतोष सिंह के साथ मिलकर साक्ष्य को नष्ट किया गया है। मृतक धीरेन्द्र सिंह के पीएम रिपोर्ट में पीएम कर्ता डाक्टर द्वारा मृतक की चोट हेड इन्जुरी एन्टीमार्टम सार्प पेनीट्रेटिंग एन्ड मोडीरेटली हैवी आब्जेक्ट होमोसाईडल से होना लेख किया गया है मर्ग की सम्पूर्ण जाँच में आये साक्ष्य से आरोपी आदर्श उर्फ निखिल सिंह एंव आरोपिया संतोष सिंह के विरूद्व प्रथम दृष्टया अपराध धारा 103,238 3(5) बी.एन.एस. का घटित करना पाये जाने से आरोपियों आदर्श उर्फ निखिल सिंह पिता धीरेन्द्र सिंह उम्र 19 वर्ष, संतोष सिंह पति धीरेन्द्र सिंह उम्र 41 वर्ष दोनों निवासी टिकुरी टोला उमरी थाना रामपुर बाघेलान जिला सतना के विरुद्ध अपराध क्र. 360 / 2025 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं आरोपियों की पता तलाश कर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से न्यायालय द्वारा आरोपीगणों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक संदीप चतुर्वेदी थाना प्रभारी थाना रामपुर बाघेलान,लालता प्रसाद वर्मा,प्रेमशंकर द्विवेदी, सीताशरण द्विवेदी,संजीव चौधरी,अनूप मिश्रा,आर.प्रवीण तिवारी,अमित द्विवेदी,विश्वदीप तिवारी आदि की भूमिका रही।

# मंदाकिनी नदी का अस्तित्व खतरे में



### 90 फीसदी घटा जलप्रवाह, 31 सालों के वैज्ञानिक अध्ययन में निकाला निष्कर्ष

सतना।

चित्रकूट की पवित्र मंदाकिनी नदी के अस्तित्व पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार अगले 30 सालों में ये नदी पूरी तरह विलुप्त हो सकती है। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभाग प्रमुख प्रो.घनश्याम गुप्ता ने 31 सालों के वैज्ञानिक अध्ययन में ये चिंताजनक निष्कर्ष निकाला है। मंदाकिनी मध्य प्रदेश की 22 सबसे प्रदूषित नदियों में शामिल है। मंदाकिनी प्रदेश की अंतिम नदी है जो यमुना में मिलती है सती अनुसुइया आश्रम से निकलने वाली मंदाकिनी नदी 40 किलोमीटर की यात्रा के बाद उत्तर प्रदेश के राजापुर में यमुना से मिलती है। ये प्रदेश की अंतिम नदी है जो यमुना में मिलती है। यमुना आगे चलकर प्रयागराज में गंगा से मिलकर संगम बनाती है।

### बढ़ता न्यूट्राफिकेशन भी नदी के लिए घातक

प्रो.गुप्ता के अनुसार स्वस्थ नदी के चार महत्वपूर्ण मानक होते हैं-जल प्रवाह,घुलित ऑक्सीजन, बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड और न्यूट्राफिकेशन। मंदाकिनी में घुलित ऑक्सीजन का स्तर खतरनाक रूप से कम हो गया है। बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड बढ़ गया है। नदी का जल प्रवाह भी काफी कम हो गया है। बढ़ता न्यूट्राफिकेशन भी नदी के लिए घातक साबित हो रहा है।

### तीन दशक में 10 गुना घटा जल प्रवाह

वर्ष 1993 में मंदाकिनी नदी का जल प्रवाह 3 हजार लीटर प्रति सेकेंड था। जो मौजूदा समय में घटकर 300 लीटर प्रति सेकेंड पर पहुंच गया है। साफ है कि इन 30 सालों के दौरान मंदाकिनी के जल प्रवाह में 10 गुना गिरावट आई है। यही हाल रहा तो आशंका है कि आने वाले 30 सालों में यही जल प्रवाह गिर कर 30 लीटर प्रति सेकेंड हो जाएगी। अगर,किसी नदी के जल का प्रवाह 50 लीटर प्रति सेकेंड से नीचे चला जाता है तो उसे डेड रिवर (मरी हुई नदी) मान लिया जाता है। दुर्भाग्य से रामायण, राम चरित मानस और पुराणों में वर्णित त्रेतायुगीन मंदाकिनी गंगा मृत्यु की उसी राह पर है। साइंटिफिक एनॉलसिस बताता कि 30 वर्ष यह नदी नहीं मिलेगी।

### सीवेज से जहरीला हो रहा 150 लीटर शुद्ध पानी

ग्रामोदय के पर्यावरण एवं ऊर्जा विभाग के प्रमुख प्रो.घनश्याम गुप्ता की स्टडी से ये बात भी सामने आई है कि मंदाकिनी के जल में जहां घुलित आक्सीजन की मात्रा तेजी से घट रही है। वहीं बायो केमिकल आक्सीजन डिमांड (बीओडी) बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि नदी में छोड़े जा रहे सीवेज (गंदे पानी) पर लगाम नहीं होने से मौजूदा समय में मंदाकिनी में बीओडी की मात्रा खतरनाक स्तर तक पहुंच चुकी है। किसी भी हालत में जल में बीओडी की मात्रा प्रति लीटर पर 5 मिलीग्राम से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। मगर,मौजूदा समय में चित्रकूट की मंदाकिनी में कहीं भी ये स्तर 35-40 मिलीग्राम से कम नहीं है। मानवीय हस्तक्षेप वाले रामघाट और भरतघाट पर तो बायोकेमिकल आक्सीजन डिमांड तय मानक से 150 गुना ज्यादा है। साफ है कि नदीं में गिरने वाला एक लीटर सीवेज 150 लीटर शुद्ध जल को प्रदूषित कर रहा है।

# तीन साल से एक ही जगह पर पदस्थ पटवारियों का होगा तबादला

### प्रबंध समिति की बैठक में फैसला, ऑनलाइन होगी स्थानांतरण प्रक्रिया



**सतना।** उन पटवारियों तक प्रभारी मंत्री की नजर पहुंच गई है जो 3 साल से एक ही जगह पर पदस्थ हैं और अपना काम कर रहे हैं,उनका अब तबादला किया जाएगा। तबादला की प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। यह निर्णय रविवार को चित्रकूट के होटल पार्थ में नगरीय आवास एवं विकास और सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिला प्रबंध समिति की बैठक में लिया गया। बैठक में राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी,भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती पांडेय,चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह और रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह विक्की उपस्थित रहे। जिला प्रबंध समिति की बैठक में राजस्व विभाग की निचली इकाई पटवारियों के स्थानांतरण पर मुख्य फोकस रहा। निर्णय लिया गया कि तीन साल से एक ही स्थान पर कार्यरत लगभग 15 प्रतिशत पटवारियों का स्थानांतरण किया जाएगा। साथ ही विवादित पटवारियों को भी उनके वर्तमान पद से हटाया जाएगा। शिक्षा विभाग के स्थानांतरण को लेकर प्रभारी मंत्री ने स्पष्ट किया कि इस विभाग में सबसे अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। स्थानांतरण की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी और रिक्त पदों पर ही स्थानांतरण किया जाएगा।

### अधिकारियों-कर्मचारियों की शिकायत

बैठक में चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह ने अपने क्षेत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों की शिकायत की। इस पर प्रभारी मंत्री ने व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए कहा कि वे सभी कर्मचारियों को रामपुर विधानसभा क्षेत्र भेज दें। रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह ने कहा कि उन्हें इससे कोई आपत्ति नहीं है,बशर्ते उनके यहां पदस्थ कर्मचारियों को न हटाया जाए।

# प्रभारी मंत्री और महापौर के बीच गुफ्तगूं चर्चा में...

### रविवार की सुबह जब सतना पहुंचे तो रेलवे प्लेटफार्म पर दोनों के बीच चलते-चलते बात होती रहीं

सतना



मध्य प्रदेश सरकार के काबीना मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का अब निरंतर सतना दौरा होने लगा है। जब उन्हें सतना जिले का प्रभारी मंत्री बनाया गया था तब वह महीनों सतना नहीं आए थे। कहा जा रहा था कि शायद वह सतना का प्रभारी मंत्री बनाए जाने से खुश नहीं है। इसकी वजह है यह बताई जा रही थी कि सतना में भाजपा के बड़े नेताओं के बीच शीत युद्ध चल रहा है। बहरहाल पक्ष हो या विपक्ष दोनों के बीच तरह-तरह की बातें होती रहीं हैं। लेकिन प्रभारी मंत्री अब निरंतर सतना आ रहे हैं तो सभी तरह की बातों पर विराम लग चुका है। इससे यह भी अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह अब फ्रंट फुट में खेलने को तैयार हो गए हैं। यही वजह है कि रविवार को जब वह सतना प्रवास पर आए तो उनका चेहरा देखने लायक था। हाव-भाव से वह ऐसे नजर आ रहे थे कि मानो अब वह सतना की तस्वीर बदलने वाले हैं। चर्चा तो उस वक्त तेज हो गई जब ट्रेन से उतरने के बाद प्लेटफार्म पर चलते-चलते प्रभारी मंत्री और महापौर के बीच गुफ्तगू होंने लगी। उनके बीच बातें क्या हुई? यह तो किसी को नहीं पता,लेकिन दोनों नेताओं के बॉडी लैंग्वेज से यह साफ नजर आ रहा था कि जो लोग मनमानी कर रहे हैं अब उनकी खैर नहीं होगी।

प्लेटफार्म पर प्रभारी मंत्री और महापौर के पीछे और अगल बगल में चलने वालों से भी जानने की कोशिश की गई और यह पूछा गया कि आखिर दोनों नेताओं के बीच क्या बातें हो रहीं थीं? तो नजदीक में मौजूद लोगों ने बताया कि उनके कानों तक आवाज नहीं आ रही थी। समझा जाता है कि प्रभारी मंत्री ने अब जिले की तासीर को पूरी तरह से समझ लिया है। उन्होंने यह भी समझ लिया होगा कि आखिर यहां पर कौन सा नेता कितना प्रभावशाली है। उन्होंने यह भी जानने की कोशिश की होगी कि किस नेता का जनता के बीच कितना प्रभाव है। उन्होंने यह भी जानने की कोशिश की होगी कि अभाव में जीने वाली सतना की जनता इतनी भोली भाली क्यों है। उन्होंने यह भी जाना होगा कि व्यापारिक राजधानी सतना रीवा से 15 से 20 साल पीछे विकास में पीछे क्यों हो गया।

# एकेएस विश्वविद्यालय को जैव विविधता संरक्षण पुरस्कार

### अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर पुरस्कृत।



**सतना।** मध्य प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड,भोपाल द्वारा नरोन्हा प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में एकेएस विश्वविद्यालय को सतना को जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट प्रयासों के लिए अशासकीय वर्ग में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कार मुख्य अतिथि,दिलीप अहिरवार,वन एवं पर्यावरण मंत्री,मध्य प्रदेश शासन के द्वारा प्रदान किया गया। एकेएस विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ.हर्षवर्धन एवं जैव विविधता विशेषज्ञ डॉ.राम लखन सिंह सिकरवार ने ग्रहण किया। पुरस्कार स्वरूप रुपये तीन लाख का चेक,प्रमाण पत्र तथा शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव,वन,मध्य प्रदेश शासन अशोक वर्णवाल,प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वन विभाग असीम श्रीवास्तव तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं सदस्य सचिव मध्य प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड,भोपाल सुदीप सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अहिरवार जी ने कहा कि एकेएस विश्वविद्यालय जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है और आगे भी आप लोगों को यह कार्य करते रहना है। ज्ञातव्य है कि एकेएस विश्वविद्यालय ने कैंपस के अंदर जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में अनेकों प्रयास किए हैं जिनके तहत औषधि उद्यान,नक्षत्र वाटिका,नवग्रह वाटिका,औषधीय एवं संगंध पौध प्रदर्शन इकाई स्थापित की गई है। बहुत बड़ी संख्या में वृक्षारोपण विगत 12 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। डॉ.राम लखन सिंह सिकरवार द्वारा कैंपस के अंदर पाई जाने वाली वन्य जैव विविधता का डॉक्यूमेंटेशन किया गया है जिनमें 80 प्रकार के वृक्ष,40 प्रकार की झाड़ियां,30 प्रकार की लताएं,115 शाकीय पौधे,45 प्रकार की घासें तथा कई कंदों की प्रजातियां शामिल है। इसके अतिरिक्त 30 प्रकार के पक्षी,12 प्रकार के वन्य जीव तथा कई प्रकार की तितलियां भी पाई गई हैं। कृषि जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में जेनेटिक तथा प्लांट ब्रीडिंग विभाग में अलसी, चना,गेहूं,धान,सरसों तथा लोबिया की 264 वैराइटियों के बीज,हॉर्टिकल्चर विभाग में आम,अमरूद, नींबू,लीची,अनार,आमला,बेल,जामुन,चीकू,कटहल, सपोटा आदि की 27 प्रजातियां,एग्रोनॉमी विभाग में गेहूं,धान,चना,सरसों,कोदो,कुटकी,मूंग,उड़द,अरहर ,मक्का,अलसी,मसूर,तिल,सोयाबीन,तथा मटर की 80 प्रजातियां तथा पशुपालन विभाग में गाय की दो नस्लें,मुर्गी की पांच,मछली की तीन नस्लें भी संरक्षित की गई है। इस कार्य में प्रो.सिकरवार तथा प्रो.आर.एस. त्रिपाठी का योगदान है।बोर्ड के निर्धारित प्रपत्र के अनुसार जैवविविधता की सम्पूर्ण जानकारी बोर्ड को मिली जिसे प्रथम पुरस्कार हेतु चुना गया। विश्वविद्यालय के प्रोचांसलर अनंत कुमार सोनी,कुलपति प्रो.बी.ए.चोपडे ने पुरस्कार मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# लापता छात्रा की लाश तालाब में मिली

### शव पर चोट के निशान नहीं मिले, जांच में जुटी पुलिस



**सतना।** एक 17 वर्षीय छात्रा का शव तालाब में मिला है। कोलगवां थाना क्षेत्र की नईबस्ती चार मंदिर निवासी प्राची वर्मा शुक्रवार सुबह 10 बजे घर से निकली थी।वो काफी देर तक घर नहीं लौटी। परिजनों ने पहले खुद तलाश की। मैहर में रहने वाले पिता भी घर आ गए। शाम साढ़े 5 बजे परिवार ने कोलगवां थाने में शिकायत दर्ज कराई। अगले दिन शनिवार को नीमी नईबस्ती के तालाब में एक शव दिखाई दिया। डायल-100 को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

### भाई और पिता ने की पहचान

तालाब से निकाले गए शव की पहचान प्राची के रूप में उसके भाई पियूष और पिता ने की। पुलिस के अनुसार शव पर बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। मृतका की मां रेनू,पिता रामनरेश,भाई पियूष और अन्य परिजनों ने किसी पर संदेह नहीं जताया है।

### मौत के कारणों का पता लगा रही पुलिस

प्राची 11 वीं कक्षा की छात्रा थी। टीआई सुदीप सोनी ने बताया कि मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से चलेगा। अभी स्पष्ट नहीं है कि ये आत्महत्या का मामला है या कोई दुर्घटना। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

# खड़ी बस में भड़की आग, डीजल टैंक में धमाका

**सतना।** सतना के चकदही गांव में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात सूत्र सेवा की खड़ी बस में आग लग गई। घटना रात करीब डेढ़ की है। बस में सबसे पहले टायर में आग लगी। आग धीरे-धीरे बढ़ती हुई डीजल टैंक तक पहुंच गई। डीजल टैंक में आग लगने से तेज धमाका हुआ। धमाके से आस पास के लोग दहशत में आ गए। राहगीरों और ग्रामीणों ने तुरंत दमकल को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पा लिया।

### पंचायत भवन में सो रहा था कंडक्टर

रामपुर बघेलान के टीआई संदीप चतुर्वेदी के अनुसार घटना के समय बस में कोई नहीं था। बस का कंडक्टर गांव के पंचायत भवन में सो रहा था। यह बस एमपी 19 पी 1399 सतना से चकदही रूट पर चलती है।

### 6 सूत्र सेवा बसों का शुरू किया था संचालन

नगर निगम ने 7 मई को सतना से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 6 सूत्र सेवा बसों का संचालन शुरू किया था। घटना वाली बस शाम को यात्रियों को लेकर चकदही पहुंची थी। रात वहीं रुकने के बाद सुबह उसे सतना के लिए रवाना होना था। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### कपिल गुप्ता, पुनीत सेन, राजू आदिवासी, अजय सेन, मुकेश बैरागी ने रक्तदान कर चार लोगों को दिया नया जीवनदान



**पन्ना।** जिला अस्पताल में भर्ती मरीज चांदनी सेन पति पुनीत सेन निवासी पन्ना चौकी अजयगढ़, किरण आदिवासी पति राजू आदिवासी निवासी दहलान चौकी पन्ना , कापसी बाई पति बुद्ध सिंह यादव उम्र 21 वर्ष निवासी ककरहती तीनों मरीज गर्भवती महिलाएं थीं। जिनको खून की जरूरत थी। खून की तलाश में परिवारजन भटक रहे थे। तभी उनके परिजनों द्वारा दूरभाष के माध्यम से जानकारी समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी को दी गई। समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी जिला अस्पताल पन्ना पहुंचे और उन्होंने गर्भवती महिला चांदनी के पति पुनीत सेन को रक्तदान के संबंध में समझाइस दी जिन्होंने आज पहली बार स्वेच्छा से खून दान किया है। इसी तरह किरण आदिवासी के पति राजू आदिवासी को समझाइस दी गई। जिसके बाद राजू आदिवासी द्वारा पहली बार स्वेच्छा से खूनदान किया गया है। कापसी बाई यादव पति बुद्धिंह यादव निवासी ककरहती जिनके दो जुड़वा बेटियां हुई थी। जिनको खून की कमी बताई गई थी। जिनका खून बी नेगेटिव होने के कारण उनके घर परिवार में किसी भी सदस्य का खून मिलान नहीं हो रहा था। ब्लड बैंक में खून उपलब्ध नहीं था। जिसको लेकर समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी द्वारा सोशल मीडिया पर संदेश प्रसारित किया गया साथ ही बी नेगेटिव ग्रुप के खून दाताओं से संपर्क किया गया। पन्ना शहर के अकाउंटेंट कपिल गुप्ता को जैसे ही जानकारी प्राप्त हुई वह बिना कोई बिलंब किये जिला अस्पताल पन्ना पहुंचे और उन्होंने आज 11वीं बार स्वेच्छा से खून दान करने का पुनीत कार्य किया है। अजय सेन द्वारा अपनी बहिन चांदनी सेन को पहली बार खून दान किया गया है। इसके साथ ही मुकेश बैरागी द्वारा कैंसर पीड़ति मरीज श्रीमती सुमन पाठक पति राम अवतार पाठक निवासी सुनवानी को आज तीसरी बार स्वेच्छा से खूनदान किया गया है। रक्तदान के पुनीत कार्य में समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी लैब टेक्नीशियन रामनाथ ओमरे,दिलीप सिंह, विक्रम सिंह यादव राजीव मंडल का सराहनीय योगदान रहा।

### पवई मे निःशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में पूरे उत्साह के साथ भाग ले रहे बच्चे



**पन्ना।** ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर मे बच्चे शामिल होकर अपने अंदर छिपे हुनर को निखारने पसीना बहा रहे हैं शिविर के माध्यम से बच्चों को कई खेलकूद की बरीकियाँ सीखने मिल रही है खेलकूद शिविर को लेकर बच्चों मे काफी उत्साह है और खुशी खुशी शिविर में भाग लेकर खेलकूद सीख रहै है। जिला युवा कल्याण विभाग से सत्यम पाठक शिवम बाल्मिक खेल प्रतियोगिता सीखा रहै है।

# देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती पर देवेन्द्रनगर में हुआ कार्यक्रम

**पन्ना।** शासकीय संस्कृत महाविद्यालय एवं शासकीय महाविद्यालय देवेन्द्रनगर के संयुक्त तत्वाधान में पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर शनिवार को देवेन्द्रनगर में विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित हुआ। गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा के मुख्य आतिथ्य में संस्कृत महाविद्यालय में संपन्न हुए कार्यक्रम में लोकमाता अहिल्या बाई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। विधायक ने दीप प्रज्वलन कर एवं देवी अहिल्या बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।





इस अवसर पर विधायक डॉ. वर्मा ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर का जीवन समाज, संस्कृति और राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। लोकमाता ने सुशासन की अलख जगाई। न्यायप्रियता, करूणा, दूरदर्शिता और लोक कल्याण की भावना उनके शासन के मूल में थी। उन्होंने शासन को सेवा का माध्यम बनाकर सत्ता को साधना का स्वरूप दिया। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि नारी शक्ति जब धर्म, नीति एवं सेवा से जुड़ती है तो वह समाज की दिशा और दशा बदल सकती है। कार्यक्रम में विधायक का प्रशस्ति पत्र और तुलसी का पौधा देकर सम्मान भी किया गया।

# अल्प प्रवास पर सुनवानी पहुंचे पशुपालन मंत्री



**पन्ना ।** पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री ;स्वतंत्र प्रभारद्ध लखन पटेल शनिवार को दोपहर अल्प प्रवास पर ग्राम सुनवानी कला पहुंचे और यज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा के एक कार्यक्रम में शामिल होकर पथरिया के लिए रवाना हुए। राज्य मंत्री श्री पटेल ने राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में आयोजित हो रहे रजत जयंती महोत्सव एवं श्रीमद्भागवत कथा में भी सहभागिता की। मंदिर में दर्शन उपरांत भक्तजनों से भेंट कर प्रसाद ग्रहण किया। उपस्थितजनों द्वारा कार्यक्रम में राज्य मंत्री के आगमन पर आत्मीय स्वागत भी किया गया।

# जय बजरंगबली क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन





पन्ना।

जिला के अजयगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मकरी में 4 मई 2025 से चल रहे जय बजरंगबली क्रिकेट टूर्नामेंट का 24 मई 2025 को फाइनल मुकाबला नौहाई और रमना के बीच खेला गया। नौहाई टीम के कप्तान सौरभ राजपूत की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवर में 146 रनों लक्ष्य रखा। वहीं जवाब में रमना टीम अपने कप्तान विनोद राजपूत के मार्गदर्शन में इस लक्ष्य का पीछा करते हुए 7 विकेट खोकर 122 रन ही बना पाई। जिसमें नौहाई टीम ने 26 रनो से फाइनल मुकाबला जीत लिया। विजेता टीम को 11 हजार 500 रुपये नगद एवं शील्ड से सम्मानित किया गया। उप विजेता रमना टीम को 5 हजार नगद व शील्ड से सम्मानित किया गया। नौहाई टीम के मैन ऑफ द मैच अनिल पेड़ा बने जिन्होंने 40 रनों की शानदार पारी खेली। रमना टीम के मैन ऑफ द मैच पुण्य प्रताप बने जिन्होंने 38 रनों की शानदार पारी खेली और दो विकेट लिए। मुख्य अतिथि के रूप में मकरी सरपंच श्रीमती कौशल्या राम गुलाम त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राम शिरोमणि सिंह लोधी सरपंच दिया, राम रतन साहू सरपंच भदैयां, रामपाल सिंह राजपूत, शुभम सिंह राजपूत, देवराज उप सरपंच मकरी, राम सिंह राजपूत, प्रीतम राजपूत, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, हरिहर यादव, भोले गौतम, रमेश प्रजापति, विनोद यादव, प्रेम सिंह राजपूत, सुशील द्विवेदी, राजू राजपूत, संत कुमार राजपूत, नीरज विश्वकर्मा, राजेश राजपूत सहित कमेटी के सदस्य, गणमान्य नागरिक, खिलाड़ी एवं हजारों की संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# सकारात्मक जीवन शैली से तन मन स्वस्थ रहता है-श्रीमती मंजूलता जैन



**पन्ना।** मनुष्य का जीवन बहुत अमूल्य है इस जीवन को व्यर्थ न गंवाए सकारात्मक जीवन शैली को अपनाते हुए तन और मन को स्वस्थ रखें जिस प्रकार हमारे जीवन में शिक्षा का बहुत बड़ा महत्व है इसी प्रकार तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए खेल व्यायाम प्राणायाम ध्यान भी अपने जीवन का हिस्सा बनना चाहिए क्योंकि इन तमाम चीजों से मनुष्य के अंदर सकारात्मक विचार पैदा होते हैं और वह अपने साथ-साथ अच्छे विचारों से इस समाज में भी बदलाव लाता है जब आपके अंदर सकारात्मक विचार होंगे तभी आप इस समाज के विचारों में अपने सकारात्मक विचार पैदा कर सकते हैं उकताशय के बौद्धिक विचार समाजसेविका एवं एडवोकेट डॉक्टर मंजू लता जैन ने महाराज छत्रसाल नजर बाग ग्राउंड में चल रहे ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण के दौरान बौद्धिक देते हुए कहे उन्होंने आगे कहा कि आज के बच्चे आने वाले समय के भविष्य हैं इनके अंदर सकारात्मक शैली सकारात्मक विचार लोगों के प्रति दया भाव करुणा पैदा करना हम सभी का दायित्व है इस अवसर पर डॉक्टर कैलाश मोदी खेल युवा कल्याण अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एसपी सिंह बघेल वरिष्ठ खिलाड़ी अमर बहादुर खेल प्रशिक्षक राहुल गुर्जर प्रकाश सिंह पहलवान सिंह मुस्तकीम खान सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में किंग स्टार इलैवन ने राजस्व इलेवन को दी मात फाइनल का खिताब जीता



पन्ना विधायक नगर परिषद अध्यक्ष हुए शामिल

**अजयगढ़** - नगर में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच राजस्व इलैवन व किंग स्टार इलेवन के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमे राजस्व ने पहले बेटिंग करते हुए एसडीएम आलोक मार्को की 33 रन की तेज तर्रार पारी की बदौलत 12 ओवर में 104 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग स्टार इलैवन ओपनर ने तेज शुरुआत करते है सुनील राठौर ने 20 गेंदों में 43 रन की पारी खेली बाकी का काम आने बाले बल्लेबाजों द्वारा कर लक्ष्य 8 गेंद शेष रहते पा लिया ओर नाइट टूर्नामेंट का खिताब हासिल कर लिया। मेन ऑफ दा सीरीज व मैच सुनील को दिया गया जबकि बेस्ट बल्लेबाज का खिताब एसडीएम आलोक मार्को को मिला जबकि वेस्ट गेंदबाज का खिताब सदर पटवारी निखिल गौतम को दिया गया। फाइनल मैच में पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सीता सरोज गुप्ता हनुमंत प्रताप सिंह (रजऊ राजा) मंडल अध्यक्ष सुरेश याद पूर्व मंडल अध्यक्ष बबलू कुशवाहा पार्षद अजय मिश्रा, नारायणदास रजक प्रतिनिधि मोहम्मद आज़ाद जिला जनपद सदस्य दिनेश भुर्जी व संतोष यादव, संजय सुल्लेरे ,संजय गुप्ता, बीएमओ सुनील अहिरवार एपीओ अमित यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियो सहित खेल प्रेमी उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में पन्ना विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि सुंदर ग्राउंड है ग्रीन घास नोजल लगाने का प्रयास करे नगर परिषद अध्यक्ष जिससे हमारा ग्राउंग हराभरा बने इसमे बड़ा खर्च नही है ग्राउंड में पानी लगता है नोजल इसप्रिंकल टाइप का काम रहता है में चाहता है इस ग्राउंड ने नई नई प्रतिभाएं खेल कर निकले जो अजयगढ सहित जिले का नाम रोशन करे आईपीएल की तर्ज पर पन्ना में खेल प्रारम्भ हुआ है और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ रहा है जिस तरह अजयगढ का होनहार खिलाड़ी आईपीएल तक पहुंचा है ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के बच्चे भी नेशनल तक पहुंचे। इसी के साथ उन्होंने अपने क्षेत्र में किये जा रहे विकाश के सम्बंध मद बताया गया। नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट अनिल गुप्ता, निखिल गौतम,धीरज पटेल, अनूप यादव, रामदास, पार्थ यादव, शानू जड़यिा, मोहम्मद आज़ाद कादरी सनी रावत ऋषभ शर्मा, अरविंद सिंह,सचिन वघेल, अमन रावत, अमन विश्वकर्मा, सुनील राठौर, अक्षय बुंदेला, मनीष शुक्ला, आकाश, वेदांत मिश्रा, आदि लोगो के सहयोग से सफल हुआ।

## नेतृत्वहीनता से जूझता सीएम राइज कन्या विद्यालय

# भाषा, व्यवहार और निर्णयशैली पर उठते सवाल; छात्राओं की गरिमा खतरे




**देवेंद्रनगर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा "मॉडल स्कूल" के रूप में चयनित सीएम राइज कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवेंद्रनगर इस समय गंभीर प्रशासनिक और नैतिक संकट का सामना कर रहा है। वर्षों से यहां स्थायी प्राचार्य की नियुक्ति नहीं हो सकी है और संचालन की जिम्मेदारी प्रभारी प्राचार्य के हवाले है। लेकिन उनकी भाषा, व्यवहार और निर्णयशैली को लेकर विद्यालय समुदाय जिसमें शिक्षक, छात्राएं और अभिभावक शामिल हैं कृ में तीव्र असंतोष व्याप्त है। प्रभारी प्राचार्य पर आरोप हैं कि वे संवाद में मर्यादा का पालन नहीं करते, शिक्षकों और छात्राओं से अपमानजनक व असंवेदनशील ढंग से बात करते हैं, और सार्वजनिक रूप से ऐसे कथन भी कर चुके हैं जो उनके पद की गरिमा के प्रतिकूल माने जा सकते हैं। विद्यालय से जुड़े कई लोगों ने संकेत दिया है कि उनका व्यवहार अक्सर धमकाने वाला, कठोर और अवमाननापूर्ण होता है कृ जिससे वातावरण में असहजता और भय का संचार हुआ है।

### छात्रा के साथ हुआ कथित दमनात्मक व्यवहार-

विगत शैक्षणिक सत्र 2024-25 की शुरुआत में एक ऐसा प्रकरण सामने आया, जिसने पूरे विद्यालय समुदाय को झकझोर दिया। विद्यालय परिसर में किसी आंतरिक विवाद को लेकर प्रभारी प्राचार्य और एक शिक्षक के बीच तीव्र बहस हुई थी, जो कथित रूप से हाथापाई तक पहुँच गई। उस घटनाक्रम की प्रत्यक्षदर्शी एक वरिष्ठ छात्रा भी थी। कुछ समय बाद उसी छात्रा ने आरोप लगाया कि उसके परिजनों द्वारा की गई पिटाई दरअसल प्रभारी प्राचार्य के दबाव में करवाई गई, ताकि वह छात्रा सार्वजनिक रूप से बयान न दे सके। इस घटना की शिकायत पुलिस थाने तक पहुँची, एक शिक्षिका ने अपना बयान भी दिया, और उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप से मामला अंततः "आपसी समझौते" के रूप में शांत कर दिया गया। भले ही इस मामले की पुष्टि स्वतंत्र रूप से नहीं हो सकी, लेकिन विद्यालय में इस पूरे घटनाक्रम ने एक भयपूर्ण और दबावयुक्त वातावरण बना दिया है।

### शिक्षण कक्षाओं में भी अनुचित भाषा-

छात्राओं और शिक्षकों की शिकायत है कि प्रभारी प्राचार्य कक्षा में पढ़ाते समय भी कई बार आक्रामक और अनुचित भाषा का प्रयोग करते हैं कृ जैसे उठाकर पटक दूँगा, या फाड़कर रख दूँगा। यह भाषा न केवल शिक्षक पद की मर्यादा के विरुद्ध है, बल्कि छात्राओं के आत्मसम्मान को भी ठेस पहुँचाती है।

### सार्वजनिक रूप से बोले गए विवादास्पद कथन-

प्रभारी प्राचार्य द्वारा बोले गए कथित कथनों कृ जैसे ष्मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकताष, या ष्जिसे जो करना है कर ले, मेरा क्या उखाड़ेगा?ष कृ से यह संकेत मिलता है कि वे स्वयं को राजनीतिक या प्रशासनिक संरक्षण में सुरक्षित मानते हैं। ऐसे कथन शैक्षणिक संस्थानों में लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व की भावना को ठेस पहुँचाते हैं।

### विद्यालय की पहचान संकट में-

आज विद्यालय के कई शिक्षक सीमित संसाधनों में भी शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन स्थायी और मर्यादित नेतृत्व के अभाव में उनकी कोशिशें वांछित प्रभाव नहीं छोड़ पा रही हैं। यदि शीघ्र ही योग्य, संवेदनशील और अनुशासित प्राचार्य की नियुक्ति नहीं हुई, तो यह विद्यालय अपनी ष्मॉडलष पहचान को केवल सरकारी रिकॉर्ड में ही ढोने को विवश हो जाएगा।

### प्रशासनिक हस्तक्षेप की आवश्यकता-

इस स्थिति में जिला शिक्षा अधिकारी, जनप्रतिनिधियों और राज्य शासन की यह प्राथमिक जिम्मेदारी बनती है कि वे तत्काल हस्तक्षेप कर विद्यालय की गरिमा और छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें। विशेष रूप से कन्या विद्यालयों में सम्मानजनक संवाद, सुरक्षित वातावरण और नैतिक नेतृत्व सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। यह समाचार किसी एक व्यक्ति के विरुद्ध नहीं, बल्कि एक संस्थान के भविष्य और उसकी नैतिक चेतना की रक्षा के लिए एक सामूहिक अपील है। शिक्षा केवल ज्ञान देने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि सम्मान, अनुशासन और मूल्यों की नींव पर टिकी सामाजिक जिम्मेदारी भी है कृ और यह तभी संभव है जब नेतृत्व स्वयं इन मूल्यों का पालन करे।

# पन्ना टाईगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक ने वन्य प्राणियों की मौत के संबंध में प्रेसवार्ता आयोजित कर दी जानकारी



वन्यप्राणियों की सुरक्षा में कोई ढील नहीं

**पन्ना।** पन्ना टाईगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक ने जहां विगत 12 मई 2025 व 23 मई 2025 को मृत तेंदुआ एवं दिनांक 16 मई 2025 को भालू की मौत के संबंध में आज दिनांक 25 मई 2025 को पन्ना टाईगर रिजर्व कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित कर मीडिया को जानकारी में बताया गया कि पन्ना टाईगर रिजर्व प्रबंधन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा के संबंध मं अत्यंत संवेदनशील है तथा उनकी सुरक्षा का कार्य मुस्तैदी से किया जा रहा है। मृत वन्यप्राणियों की शव का परीक्षण किया जाकर उनकी मृत्यु का कारण ज्ञात करने हेतु उनके अबयबों का सेम्पल परीक्षण हेतु स्कूल फार वाईल्ड लाईफ फोरेंसिक एण्ड हेल्थ जबलपुर भेजा गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने पर मृत्यु का वास्तविक कारण ज्ञात हो सकेगा। मृत्यु के पश्चात की जाने वाली सर्चिंग आदि की कार्यवाही प्रबंधन द्वारा की जाती है। पन्ना टाईगर रिजर्व की अंतर्गत तीन उड़नदस्ता वाहन एवं छः वन्य प्रहरी वाहनों से नियमित गस्ती कराई जाती है साथ ही कर्मचारियों के द्वारा प्रत्येक वीट का नियमित रूप से पैदल गस्ती एवं रात्रि गस्ती की जाती हैं वन्यप्राणियों की सुरक्षा में कोई ढील नहीं है। इस तरह से प्रेसवार्ता आयोजित कर पन्ना टाईगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक द्वारा जानकारी दी गई है। सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि जिस तरह से आज विगत 12 मई के बाद ये घटनायें जो 23 मई व 16 मई जो घटित हुई थी जिसकी जानकारी आज दी गई है। वहीं गौरतलब बात यह है कि खजुराहो सांसद व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वी.डी. शर्मा ने भी वन्यप्राणियों की मौत को लेकर चिंता जाहिर की है। सवाल यह उठता है कि जहां प्रबंधन के द्वारा कोई ढील नहीं फिर भी इस तरह से जो मौते दो तेदुआ व एक भालू की बताई गई इनकी कारणों को लेकर जहां अब परीक्षण सेम्पल व परिणाम आने के बाद ही प्रबंधन के द्वारा जानकारी को लेकर यह प्रेसवार्ता आयोजित की गई। आखिर पन्ना टाईगर रिजर्व प्रबंधन जहां वन्यप्राणियों की सुरक्षा को लेकर इतना अमला व वाहन लगा हुआ है फिर भी कारण प्रथम दृष्टया अज्ञात जैसे हालात बने हुए है। देखना यह है कि आखिर सेम्पल की रिपोर्ट परीक्षण के बाद क्या सामने आयेगा जिससे कारणों का होगा खुलासा।

# अज्ञात हमले से घायल पुरुष ने इलाज के बाद कराया मामला दर्ज



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम दुरोंहा में 21 मई की देर रात एक अज्ञात आरोपी द्वारा एक सोते हुए युवक पर उस वक्त हमला किया। जब वह अपने घर के सामने चैन की नींद सो रहा था और आरोपी हमला करते ही घटना स्थल से रफू चक्कर हो गया। घायल अवस्था में राजू राव पिता ठाकुर प्रसाद उम्र 40 वर्ष को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इस वक्त देर रात प्राथमिक इलाज के लिए लाया गया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे कटनी रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान जब डॉक्टर ने उसे स्वस्थ कर दिया तब इलाज के बाद फरियादी आज दिनांक 25 मई 2025 को अमानगंज पुलिस थाना पहुंचकर घटना की जानकारी अमानगंज पुलिस थाना को दिया। घटना में अमानगंज पुलिस थाना ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज करते हुए फरियादी से कुछ महत्वपूर्ण संकाय भी जानी।

# खजुराहो सांसद बीडी शर्मा एवं प्रभारी मंत्री जिला पन्ना इंदर सिंह परमार के नाम संबोधित 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**अमानगंज पन्ना।** डॉक्टर एमपी पांडेमध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के आजीवन सदस्य जिला प्रवक्ता एमपी पांडे ने बीते सप्ताह क्षेत्रीय सांसद बीडी शर्मा के गुनौर आगमन पर 11 सूत्रीय ज्ञापन सोपा तथा विनम्र अनुरोध किया है कि समग्र विकास से अपेक्षा का शिकार जिला पन्ना चारों तरफ जो लंबे अरसे से समग्र विकास की राह देखते देखते आम जनमानस थकान महसूस कर रहे है।

एसे पन्ना जिले की प्रथक– प्रथक जो तहसील मुख्यालयों अंतर्गत समग्र विकास की रूपरेखा निर्मित कराए जाने के साथ ही हर चौराहे पर कई हजार की संख्या में शिक्षित बेरोजगार युवा वर्ग को कुशल श्रमिक अथवा अर्ध कुशल अथवा अकुशल श्रेणी में रोजगार दिया जावे तथा प्रथक- प्रथक जो तहसील मुख्यालय के अंतर्गत तहसील मुख्यालय में 11-11 ग्राम सांसद आदर्श पंचायत का गठन तत्काल संधारित कराए जाने के साथ ही जीवन को राहत देवें। इसी सिलसिले में अमानगंज तहसील मुख्यालय में ग्राम गाडोखर, कमताना, पगरा, मकरंदगंज, घटारी, पिपरवाह, सलेहा तारा, झरकुंआ बिंदुवार प्रथक प्रथक सर्वेक्षण कराए जाने हेतु क्षेत्रीय पटवारी, पंचायत सचिव, तहसीलदार स्तर से पंच कमेटी बनाकर विधिवत आदेश जारी करावे किसान वर्ग एवं शासकीय कर्मचारियों के परम हितेषी उत्साही चिकित्सक डॉक्टर पांडे के अनुसार क्षेत्रीय विधायक क्रमांक 59 डॉ राजेश वर्मा को अगले मंत्रिमंडल विस्तार में समय सीमा 90 दिवस के भीतर राज्य मंत्री एवं वित्त मंत्रालय का पदभार सौंप डॉक्टर पांडे ने ज्वाला देवी प्रांगण में पूर्व प्रस्तुत विनय पत्र की प्रति अनुसार मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का ध्यान आकर्षण करते हुए कहां है कि बीते लंबे अरसे से मध्य प्रदेश के अंतर्गत 26 लाख संख्या के आसपास विभिन्न विभागों में स्वास्थ्य, आयुष आदि- आदि विभागों में लंबे अरसे से रिक्त पदों की पूर्ति कराए जाने हेतु कलेक्टर रेट स्तर से कुशल, अर्ध कुशल अथवा अकुशल श्रेणी विस्तार से अंक सूची का सत्यापन करने के साथ ही समय सीमा 90 दिवस के भीतर प्रत्येक विभागों में रिक्त पदों की पूर्ति कराई जावे। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायका, आशा कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी आदि - आदि पदों को मध्य प्रदेश शासन के अधीन सेवा शर्तों का आधार मानकर उनकी विधिवत सेवा पुस्तिका, वेतनमान, ग्रेडपे, महंगाई भत्ता तत्काल प्रभाव से लागू कराया जाकर। मार्च- अप्रैल के वित्तीय बजट में कर्मचारियों का भुगतान कराया जा रहे हेतु प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति आदेश संधारित करावे। डॉक्टर पांडे के अनुसार विगत दिनों देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष जो आवेदन भेजा गया था प्रधानमंत्री कार्यालय के निजी सचिव विशेष सहायक समीर कुमार के हस्ताक्षर से जारी परिपत्र पांडे के निवास पर प्राप्त हुआ है 2018 में परंतु आज भी पीएम कार्यालय के निर्देश लंबित है जो चिंता का विषय है कुल मिलाकर समग्र आवेदन छायाप्रति संधारित कराकर क्षेत्र के पूर्व विधायक फुंदर चौधरी के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय वल्लभ भवन सचिवालय भोपाल की ओर फाइल भेजी गई है फुंदर चौधरी का आवेदन डॉ मोहन यादव के कार्यालय में प्रस्तुत हुआ मुख्यमंत्री कार्यालय के विशेष सचिव का कहना है कि इसी वित्तीय वर्ष में जनहित योजनाएं क्रियान्वित कराए जाने हेतु मध्य प्रदेश शासन दृढ़ संकल्प में कुल मिलाकर आयुष मंत्री एवं प्रभारी मंत्री जिला पन्ना सहित जिला भाजपा अध्यक्ष बृजेंद्र उर्फ डब्बू मिश्रा जिला पंचायत पन्ना अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित, जिला कलेक्टर, जिला सीओ सहित अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अशोक कुमार चतुर्वेदी, क्षेत्रीय अनुविभागीय दंडाधिकारी गुनौर रामनिवास चौधरी, सहित अमानगंज तहसीलदार आशुतोष मिश्रा, न्यायालय नायब तहसीलदार सुनवानी कला पुन्नूलाल सांड्या, आर आई लक्ष्मण सिंह, महेवा पटवारी राजेश सिंह, अमानगंज सदर पटवारी हरगोविंद शर्मा, गड़ोखर पटवारी अभिषेक पटेल सहित तमाम शासकीय अमला जनता जनार्दन के हितों का संरक्षण करने के साथ ही प्रथक-प्रथक जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। डॉक्टर पांडे ने जिला प्रशासन राज्य शासन एवं पंचायती राज प्रणाली की उत्तरोत्तर प्रगति पर हर्ष व्यक्त किया है।

खबर संक्षेप



## विद्युत चोरी पर खजुराहो में चला चेकिंग अभियान, 29 उपभोक्ताओं पर दर्ज हुए प्रकरण

**खजुराहो।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के खजुराहो संभाग अंतर्गत शनिवार को कार्यपालन अभियंता श्री गुर्जर के निर्देश पर खजुराहो शहर वितरण केंद्र में व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान स्मार्ट मीटरों में छेड़छाड़ की जानकारी सामने आने पर विद्युत विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए विद्युत चोरी अधिनियम की धारा 135 के तहत 29 उपभोक्ताओं के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए हैं।

विभागीय टीम द्वारा की गई जांच में यह पाया गया कि कई उपभोक्ता स्मार्ट मीटरों में छेड़छाड़ कर विद्युत चोरी कर रहे थे। इन मामलों में संबंधित उपभोक्ताओं से रिकवरी की राशि वसूली जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि स्मार्ट मीटरों में की गई किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ की जानकारी तुरंत उच्च अधिकारियों को प्राप्त हो जाती है।

विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे विद्युत चोरी जैसे दंडनीय अपराध से बचें और स्मार्ट मीटरों में किसी भी तरह की छेड़छाड़ न करें। विभाग ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी इस प्रकार के चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेंगे।

## रोजगार सहायकों की बैठक में जल संवर्धन की गई समीक्षा



**बड़ा मलहरा।** रोजगार गारंटी से चलने वाले जल संवर्धन की समीक्षा लेते हुए सीओ ईश्वर सिंह वर्मा ने कहा कि समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण होना चाहिए बरसात आने के पहले जिस पंचायत में जो जल से संबंधित कार्य चल रहे हैं उन्हें पूर्ण होना चाहिए यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही होती है तो उसकी जिम्मेदारी रोजगार सहायक की होगी बैठक में सभी उपनिंत्री उपस्थित थे श्री वर्मा नेसभी रोजगार सहायकों से पूछा पानी बचाओ पानी के स्रोतों के लिए क्या उपाय होना चाहिए जानकारी दें यदि किसी प्रकार की समस्या आती है तो वह जनपद कार्यालय में जानकारी दें जन सहयोग लेना अति आवश्यक है प्राइवेट संस्थाएं भी जल संवर्धन पर काम कर रही है मगर पंचायत के रोजगार सहायक नदी नाले तालाबों एवं जल स्रोतों पुनरुद्धार करें। जनपद पंचायत बड़ा मलहरा कार्यालय के सभा कक्ष में 79 पंचायत के सभी रोजगार सहायकों की उपस्थिति में सीईओ ईश्वर सिंह वर्मा ने कहा कि जल संबंधी कार्यों को शीघ्र ही पूरा किया जाए क्योंकि बरसात आने वाली है बरसात के पहले अधूरे निर्माण को पूर्ण किया जाए किसी भी गांव में पानी की कमी न रहे घर-घर पानी पहुंचाना सरकार का उद्देश्य है इसलिए सभी रोजगार सहायक अपने-अपने गांव पुरा मोहल्ले में पानी की व्यवस्था देखें जहां उनका अड़चन आ रही है तो समस्या हल करें।

गांव के कुआ तालाब नाले नदी चोपड़ा एवं अन्य प्रकार के जल स्रोतों की साफ सफाई करें यदि क्षतिग्रस्त है तो उसका निर्माण करें 79 पंचायत में लगभग 161 ग्राम है सभी ग्रामों में पानी की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त होना चाहिए। जल संवर्धन के लिए आने वाली बरसात में पानी रोककर जलाशय में ले जाना चाहिए आने वाली समस्याओं का शीघ्र ही निराकरण करें कामों की प्रगति दिखना चाहिए हितग्राही मूलक कार्यों का प्राथमिकता से काम करना चाहिए मानसून आने के पहले सभी अपूर्ण कार्य पूर्ण होना चाहिए सभी उपयांत्रियों की भी क्लास ली गई सभी को हिदायत दी गई कि वह अपने-अपने कार्य पूरी करें उपस्थित ए पी ओ सहायक लेखा अधिकारी के अलावा एसडीओ भी उपस्थित थे उप्रियंत्री गणेश श्रीवास्तव केके तिवारी नरेंद्र सिंह राजपूत मयंक अग्रवाल भागचंद प्रजापति सुरेंद्र सिंह परमार ने भी अपनी अपनी पंचायत की जानकारी बतलाई सहायक लेखा अधिकारी रामधीन सेन उपस्थित रहे जबकि एपीओ महेश यादव एवं एसडीओ विश्वकर्मा जी ने संबोधित किया हालांकि जल संवर्धन का कार्य धीमी गति में चल रहा है रोजगार गारंटी से यह काम पूरा होने हैं मगर गांव के लोगों का सहयोग नहीं मिलने से जल संवर्धन का कार्य बहुत ही धीमी गति से किया जा रहा है।

# फरियादी की सक्रियता से पकड़े चोर

मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का



**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर रोड स्थित एलसी चौरसिया के पास रहने वाले ओमप्रकाश शर्मा के मकान में सुबह चोरी की वारदात हुई। दो चोर दीवार फांदकर घर में घुसे और उन्होंने मोबाइल, चार्जर, स्कूटी की चाबी एवं लगभग 10 किलो सरिया चोरी कर फरार हो गए। यह मामला तब उजागर हुआ जब चोर सरिया लेकर भागे। इसके पूर्व वे कहीं कबाड़ की दुकान पर बेचते इसकी सूचना सभी कबाड़ वालों को कर दी गई थी। जैसे ही चोर देरी रोड स्थित कबाड़ की एक दुकान पर सरिया बेचने पहुंचे उन्होंने तत्काल फरियादी को फोन पर सूचित किया। और चोरों को पकड़कर सिविल लाइन थाने के हवाले कर दिए गए।

ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि जैसे ही वे सुबह कमरे के अंदर गए, चोर दूसरे कमरे से कीमती सामान चुराकर भाग निकले। चोरी की सूचना मिलते ही फरियादी ने सतर्कता दिखाते हुए क्षेत्र के सभी कबाड़ दुकानों पर जानकारी देकर संपर्क नंबर साझा किया। कुछ समय बाद देरी तिराहा स्थित एक कबाड़ी ने सूचना दी कि दो युवक चोरी जैसे सामान के साथ उसकी दुकान पर आए हैं।

सूचना मिलते ही ओमप्रकाश मौके पर पहुंचे और दोनों चोरों को रंगे हाथों पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने चोरी किए गए मोबाइल, सरिया और अन्य सामान की जानकारी दी। इसके बाद तुरंत सिविल लाइन थाना पुलिस को सूचना दी गई।

थाना प्रभारी बाल्मीक चौबे ने बताया कि आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फरियादी ओमप्रकाश शर्मा की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। पकड़े गए दोनों आरोपी छतरपुर के ही निवासी हैं। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और चोरी की अन्य वारदातों में इनकी संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

# अज्ञात कीड़े के काटने से महिला की मौत



**छतरपुर।** नोगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम राजपुरवा में एक दुखद घटना सामने आई है। गांव की रहने वाली रति कुशवाहा (50 वर्ष), पत्नी बंदी कुशवाहा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, रति कुशवाहा को शनिवार दोपहर करीब 1 बजे घर के अंदर किसी अज्ञात कीड़े ने काट लिया।

परिजनों ने बताया कि कीड़े के काटने के बाद पीडिता की तबीयत बिगडऩे लगी, जिसके बाद झाड़-फूंक कराने के उद्देश्य से वे उसे सिमरधा ले गए। हालांकि वहां आराम न मिलने पर तुरंत एम्बुलेंस की सहायता से उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि महिला को किस प्रकार के कीड़ा या जहरीला जीव जंतु ने काटा था।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, फरार हत्यारोपी सहित 24 वांछित आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर।** सिटी कोतवाली पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई कॉम्बिंग गश्त के दौरान बड़ी सफलता हासिल की है। कार्रवाई के तहत पुलिस ने 14 स्थायी वारंटी और 8 गिरफ्तारी वारंटी समेत कुल 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में दो हत्या के मामले में फरार आरोपी भी शामिल हैं। हरिओम शुक्ला हत्याकांड में लंबे समय से फरार चल रहा आरोपी अमित उर्फ राम सोनी को भी पुलिस ने दबोच लिया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# न्याय पथ अभियानः वर्षों से फरार 112 इनामी अपराधी गिरफ्तार, छतरपुर पुलिस की कार्रवाई



**छतरपुर।** न्याय पथ अभियान के तहत 25 वर्ष तक के पुराने हत्या के प्रयास, डकैती, अपहरण, दुष्कर्म, चोरी, छेड़छाड़, धोखाधड़ी, मारपीट, अवैध हथियार, विस्फोटक अधि. सहित 112 से अधिक प्रकरणों में सवा 2 लाख रुपये से अधिक के फरार इनामी आरोपी किए गए गिरफ्तार, न्यायालय में लंबित अपराधों का निराकरण किया जा रहा है।

थाना बमीठा पुलिस द्वारा 25 वर्ष पुराने बलवा, मारपीट, 14 वर्ष पुराने फिरौती, 7 वर्ष पुराने सड़क दुर्घटना, एवं 5 वर्ष पुराने हत्या के लंबित प्रकरण के निराकरण हेतु कार्यवाही की गई, एवं 14 वर्ष पुराने फिरौती के प्रकरण के फरार 10 हजार के इनामी आरोपी राजा बेटा उर्फ राम जी पटेल निवासी ग्राम मक्खनपुर थाना नरैनी जिला बांदा को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया एवं 7 साल पुराने सड़क दुर्घटना के प्रकरण के आरोपी चार हजार के इनामी राजकुमार कुशवाहा निवासी कल्याणपुर जिला मैहर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। थाना गढ़ी मलहरा पुलिस ने लंबित प्रकरण के निराकरण कार्यवाही करते हुए 17 वर्ष पुराने धोखाधड़ी प्रकरण के 10 हजार के इनामी आशाराम कुर्मी निवासी ग्राम डुमरा एवं 14 वर्ष पुराने डकैती हत्या के प्रयास प्रकरण के फरार आरोपी 10 हजार के इनामी भारत उर्फ कल्लू राजपूत निवासी ग्राम बल्लाय जिला महोबा को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। थाना लवकुश नगर पुलिस ने लंबित प्रकरण में निराकरण की कार्यवाही करते हुए 15 वर्ष पुराने अवैध हथियार एवं मारपीट जैसे दो प्रथक प्रथक प्रकरणों में फरार दस-दस हजार रुपए के इनामी आरोपी गोविंद चौरसिया निवासी लवकुश नगर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया।

न्याय पथ अभियान के तहत पूर्व में थाना नौगांव पुलिस द्वारा 25 वर्ष पुराने अपहरण, दुष्कर्म के प्रकरण के आरोपी, 17 वर्ष पुराने हत्या के प्रयास प्रकरण के आरोपी, थाना बमीठा पुलिस द्वारा 14 साल पुराने विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के फरार आरोपी, मातगुवां पुलिस द्वारा 10 साल पुराने लूट एवं एनडीपीएस के आरोपी, जुझार नगर पुलिस द्वारा 25 वर्ष पुराने छेड़छाड़ तथा 3 वर्ष पुराने मारपीट अवैध हथियार के आरोपी, बिजावर पुलिस द्वारा 7 वर्ष पुराने चोरी के प्रकरण के आरोपी, थाना गौरिहार पुलिस द्वारा 17 वर्ष पुराने चोरी के आरोपी, थाना गढ़ी मलहरा पुलिस द्वारा 17 साल पुराने धोखाधड़ी प्रकरण के आरोपी तथा थाना ओरछा रोड पुलिस द्वारा 21 एवं 20 साल पुराने चोरी के प्रकरण के आरोपी सहित 112 से अधिक प्रकरणों के सवा 2 लाख रुपये से अधिक के इनामी आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और लंबित मामलों के निपटारे के लिए पुलिस लगातार चला रही है अभियान।

# नींद ने लिया स्टीयरिंग पर कब्जा पलटा लाखों की प्लाई से भरा ट्रक



**बड़ा मलहरा।** शनिवार सुबह बड़ा मलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मौली रेस्ट हाउस के पास एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। छतरपुर से सागर की ओर जा रहा प्लाईवुड से भरा एक ट्रक अचानक पलट गया। घटना सुबह करीब 11 बजे की है जब ड्राइवर को झपकी आ जाने के कारण यह दुर्घटना हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक जैसे ही मौली रेस्ट हाउस से करीब 50 मीटर आगे बढ़ा, वैसे ही ड्राइवर को नींद का झोंका आया और ट्रक सड़क की पटरी पर पलट गया। ट्रक में लदा लाखों रुपये की प्लाई सड़क पर बिखर गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।

ट्रक में सवार ड्राइवर और क्लीनर को मामूली चोटें आईं। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर ट्रक को सड़क से हटवाया और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। घायल ड्राइवर की पहचान नवल किशोर एवं क्लीनर की पहचान संतोष कुमार के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और ट्रक मालिक को सूचना दे दी गई है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात बाधित रहा जिसे बाद में बहाल कर दिया गया।

## नाबालिग ने घर में नीम के पेड़ से लगाई फांसी, कारण अज्ञात



**छतरपुर।** शहर के रामनगर इलाके में शनिवार सुबह एक नाबालिग द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान तानेय अहिरवार उम्र लगभग 15 वर्ष पिता कृपाल अहिरवार के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 9:30 बजे की है जब तानेय ने अपने घर में नीम के पेड़ से फांसी लगा ली। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। जब परिजनों को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया।

सिटी कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जा रही है। आत्महत्या के पीछे का कारण फिलहाल अज्ञात है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और परिजनों से पूछताछ कर रही है।

# एक जून को प्रस्तुतियों के साथ होगा बच्चों के शिविर का समापन



मंचीय प्रस्तुति की फाइनल तैयारी में जुटे बच्चे

**छतरपुर।** शहर के गांधी आश्रम में चल रहे बाल रंग शिविर के समापन की तारीख नजदीक है ऐसे में अब शिविर के प्रतिभागी अपनी मंचीय प्रस्तुति की तैयारियों में पूरे मनोयोग से लिप्त देखे जा सकते हैं।एक जून रविवार को गांधी आश्रम परिसर में स्थित मंच पर समापन की रंगारंग प्रस्तुतियां होगीं जिसमें नाटक, डांस, समूह गीत, योगासन और आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी शामिल रहेगी। शिविर की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए कृष्णकांत मिश्रा और अभिदीप सुहाने ने बताया कि वर्ष 2005 से शुरू हुए इस शिविर के माध्यम से कई कलाकार आज स्वयं प्रशिक्षक के तौर पर यहां स्वैच्छिक सेवाएं दे रहे हैं तो वहीं कई अपने सपनों को साकार करने की दिशा में प्रयासरत हैं। शिविर की गतिविधियों की शुरुवात योगाभ्यास से होती है जिसमें राजेश कुशवाहा और कृष्णकांत बच्चों को आसान सी क्रियाएं सिखाते हैं। इस दौरान एक सप्ताह बच्चों को रामेश्वर सोनी का मार्गदर्शन भी मिला।

संगीत की कक्षा में कबीर, नानक, सुमित्रानंदन पंत और लोक रचनाओं पर आधारित गीतों का सुमधुर सामूहिक गायन होता है जिसकी मंच पर प्रस्तुति होगी। यह गायन महेंद्र प्रताप तिवारी के मार्गदर्शन में हो रहा है। आर्ट एंड क्राफ्ट की क्लास में बच्चे रंगों से खेलते नजऱ आते हैं इस दौरान उन्हें नए क्राफ्ट से भी परिचित कराया जा रहा है।इस क्लास में अंकित पाल, अनामिका कुशवाहा, श्रुति चौरसिया, कृतिका प्रजापति और अनन्या वर्मा उन्हें रंगों के संयोजन सिखाते नजर आते हैं। इसके बाद डांस का धमाल शुरू होता है जिसमें दो ग्रुप्स में बच्चे निशान्त वाल्मीक और अंजली तिवारी के साथ झूमते हुए डांस के सिंपल स्टेप्स सीख रहे हैं।

वरिष्ठ रंगकर्मी और इस शिविर के संस्थापक शिवेन्द्र शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि सबसे अंत में ड्रामा की क्लास होती है जिसमें अब अंतिम प्रस्तुति हेतु पढ़ाई पर आधारित जागरूकता फैलाने वाले नाटक की तैयारियां चल रहीं हैं। यह नाटक अभिदीप और रवि के संयुक्त निर्देशन में हो रहा है। गांधी आश्रम की सचिव दमयंती पाणी ने बताया कि इसके पूर्व यहां आर्ट एंड क्राफ्ट की एग्जीबिशन भी लगाई जा रही है और दो दिवसीय मंचीय कार्यक्रम भी गुरुवार और शुक्रवार को होगा।

## सेवा दल के मासिक ध्वज बंधन कार्यक्रम के तहत हुआ ध्वजारोहण



**छतरपुर।** आज सुबह जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन के प्रांगण में सेवादल के मासिक ध्वज बंधन कार्यक्रम के तहत जिला कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह परमार गंज द्वारा ध्वज बंधन किया गया। यह कार्यक्रम महीने के अंतिम रविवार को सुबह 8 बजे किया जाता है। आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष महाप्रसाद पटेल ने की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस प्रवक्ता संतोष तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष हरनारायण यादव सेवा दल के योगेश बिरथरे सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष कपिल विचारिया डॉक्टर कंचन शुक्ला पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नरेश पटेल राजेश असाटी अवधेश नायक सुमित पटेल मोहनलाल मिश्रा मंगल सिंह करण सिंह संदीप मिश्रा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## खजुराहो के निधि बैंक को मिला को-ऑपरेटिव का लाइसेंस,



**खजुराहो।** स्थानीय निधि बैंक को अब औपचारिक रूप से को-ऑपरेटिव निधि बैंक का लाइसेंस प्राप्त हो गया है। पिछले सात वर्षों से खजुराहो में सफलतापूर्वक वित्तीय सेवाएं दे रहा यह संस्थान अब सहकारी समिति के अंतर्गत कार्य करेगा। इससे बैंक के सदस्यों और शेयरहोल्डर्स को और अधिक लाभ और वित्तीय सुविधाएं मिलेंगी। शनिवार को खजुराहो शाखा में आयोजित एक सादे समारोह में चेयरमैन पं. सुधीर शर्मा और सीईओ विकास चतुर्वेदी ने शाखा प्रबंधक विजय कुमार रजक तथा लोन रिकवरी हेड रविंद्र पाठक की उपस्थिति में सभी स्टाफ सदस्यों को नए को-ऑपरेटिव निधि बैंक के पहचान पत्र वितरित किए।इस मौके पर चेयरमैन सुधीर शर्मा ने कहा कि, यह हमारे बैंक के लिए एक नई शुरुआत है। को-ऑपरेटिव स्वरूप मिलने से अब हम अपने सदस्यों को पहले से अधिक पारदर्शी और लाभकारी सेवाएं दे सकेंगे। सीईओ विकास चतुर्वेदी ने भी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि, बैंक की यह उपलब्धि टीम वर्क और सदस्यों के विश्वास का परिणाम है। भविष्य में हम ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में अपनी सेवाओं का विस्तार करेंगे।

# नमस्ते योजना के तहत सफाई कर्मचारियों से संवाद कार्यक्रम संपन्न

### केंद्रीय मंत्री ने सफाई कर्मियों की सुनी समस्याएं एवं निराकरण के दिए निर्देश



**छतरपुर।** छतरपुर के ऑडिटोरियम हॉल में रविवार को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नमस्ते योजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने जिले के सफाई कर्मचारियों से संवाद करते हुए योजना की विशेषताओं और लाभों की जानकारी साझा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी पात्र सफाई कर्मियों को शीघ्र नमस्ते योजना से जोड़ा जाए। जिससे उन्हें सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं और सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित हो सके।

केंद्रीय मंत्री ने इस संवाद के दौरान उपस्थित सफाई कर्मचारियों की व्यक्तिगत और सामूहिक समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं और उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश देते हुए कई समस्याओं का समाधान तत्काल रूप से किया। जिससे कर्मचारियों में संतोष और उत्साह का माहौल देखने को मिला। साथ ही केंद्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने कर्मचारियों को सूचित किया कि किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में वे 14420 हेल्पलाइन नंबर पर तुरंत संपर्क कर सकते हैं।

### सफाई कर्मियों को सुरक्षा किट वितरित

केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम के दौरान सफाई कर्मियों को सुरक्षा किटें वितरित की। जिनमें साफ सफाई के दौरान सुरक्षा से संबंधित जरूरी उपकरण मास्क, दस्ताने, हेलमेट आदि शामिल थे। जिससे वे कार्यस्थल पर सुरक्षित रहते हुए साफ सफाई कर सकें। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार सफाई कर्मचारियों के सम्मानजनक, सुरक्षित और स्थिर भविष्य के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और नमस्ते योजना इसी संकल्प की दिशा में एक ठोस कदम है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों में पूर्व विधायक उमेश शुक्ला, सटई नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, विनय पटेरिया सहित प्रशासनिक अधिकारियो में मुख्य प्रबंधक राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम नई दिल्ली सुरेश कुमार, सीएमओ माधुरी शर्मा, पीओ डूंडा साजिदा कुरैशी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी राजीव सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

